# कार्यालय, अंचल अधिकारी, चन्द्रपुरा, (बोकारो)

## आदेश पत्रक

**आवेदक**– भूनेश्वर प्रसाद, पिता–स्व0 गुरूचरण महतो उर्फ गणेश महतो,
ग्राम– तारानारी, चन्द्रपुरा।
**जन आवेदन संख्या**– 321, दिनांक– 17.05.2023

| तिथि | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 07.07.2023 | आवेदक उपस्थित,<br><br>आवेदक भुनेश्वर प्रसाद, पिता–स्व0 गुरूचरण महतो उर्फ गणेश महतो, मौजा घटियारी, थाना नं0 88 खाता नं0 13 के अंतर्गत रकवा 3.88 ए0 का लगान रसीद निर्गत करने का आवेदन दिया गया था।<br><br>उक्त वर्णित भूमि कि जाँच राजस्व उप निरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक से जाँच कराई गई। जाँच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया गया है कि वर्णित भूमि मौजा घटियारी के खाता सं0 13 सर्वे खतियान के अनुसार बकास्त खाते की भूमि है। खाता सं0 13 रकवा 3.88 ए0 भूमि का लगान रसीद निर्गत करने का आग्रह किया गया है। हल्का में उपलब्ध पंजी II के जाँचोपरान्त पाया कि आवेदक के नाम मे वर्णित व्यक्ति रूदु महतो, खेमलाल महतो तथा गुरूचरण महतो के नाम से खाता सं0 13 से संबंधित कोई जमाबंदी दर्ज नही है।<br><br>आवेदक के द्वारा उपलब्ध कराया गया लगान रसीद की छायाप्रति के अनुसार जमाबंदी सं0 28/II में खाता सं0 12/86 रकवा 3.88 ए0 भूमि का जमाबंदी दर्ज है। जो सर्वे खतियान के अनुसार खाता सं0 12 गैरमजरूआ खास खाते की है। पंजी II की सत्यापित छाया प्रति का मिलान करने पर पाया कि जमाबंदी हल्का पंजी में दर्ज नही है।<br><br>उक्त भूमि से संबंधित कागजात की मांग की गई लेकिन आवेदक के द्वारा अपने दावे संबंधित कोई ठोस कागजात प्रस्तुत नही किया गया।<br><br>अतः इनके दावे को निरस्त करते हुए वाद की कार्रवाई समाप्त कि जाती है।<br><br>लेखापित/संशोधित।<br><br>07-07-23<br>अंचल अधिकारी,<br>चन्द्रपुरा।      07-07-23<br>अंचल अधिकारी, | |

Digitally signed by Naresh Kumar Verma
Date: 2025.02.04 14:47:56 +05:30
Location: 192.168.1.35